## खबर संक्षेप



### सारथी फाउंडेशन ने लगाया रक्तदान शिविर

**कुरुक्षेत्र।** राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के पावन अवसर पर सारथी फाऊंडेशन ने कुरूक्षेत्र ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर का आयोजन किया। कार्यक्रम में अतिथि ललित कुमार ने कहा कि सभी लोग धार्मिक तरीकों से इस उत्सव को मना रहे हैं लेकिन सारथी फाऊंडेशन के सदस्यों ने रक्तदान शिविर लगा कर समाज को प्रेरणा देने का काम किया है। हमें अपने उत्सवों को धार्मिक तरीकों के साथ सामाजिक रूप में भी मनाना चाहिए।



### जयंती पर नेताजी को दी भावभीनी श्रद्धाजलि

**कुरुक्षेत्र।** पिपली रोड स्थित कुरुक्षेत्रा फायर एंड सेफ्टी संस्थान में संस्थान के छात्रों व कुरुक्षेत्र जिला की सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने नेताजी सुभाष चन्द्र बोस को माला अर्पण कर 127वीं जयंती मनाई। मुख्य अतिथि गुरनाम सैनी प्रधान सैनी सभा कुरुक्षेत्र ने कहा कि सुभाष चन्द्र बोस भारत के स्वतंत्रता संग्राम के सबसे बड़े नेता थे। देश के लिए उनके द्वारा दिए गए बलिदान को हमेशा याद रखा जाएगा।



### 4 फरवरी को होने वाली रैली का दिया न्योता

**कुरुक्षेत्र।** सर्व कर्मचारी संघ कुरुक्षेत्र की टीम आक्रोश रैली की तैयारियों को लेकर विभागों में जाकर कर्मचारियों से मिटिंग कर 4 फरवरी की आक्रोश रैली का न्योता दिया। टीम में ओमप्रकाश जिला प्रधान सर्व कर्मचारी संघ कुरुक्षेत्र, जितेंद्र बंसल जिला प्रधान रिटायर कर्मचारी संघ कुरुक्षेत्र, रावल गुप्ता जिला कैशियर सर्व कर्मचारी संघ कुरुक्षेत्र व महेंद्र वर्मा बिजली यूनियन नेता मौजूद रहे। ओमप्रकाश व जितेंद्र बंसल ने आक्रोश रैली के लिए बिजली दफ्तर सेक्टर 8, आईटीआई उमरी, बीज विकास निगम उमरी व पैराकीट पिपली के कर्मचारियों को संबोधित करते हुए समस्याओं से अवगत कराया।

### पात्रों को मिल रहा योजनाओं का लाभ

**पिहोवा।** राज्य मंत्री सरदार संदीप सिंह ने कहा कि सरकार ने ग्रामीण अंचल में बसे लोगों तक सभी मूलभूत सुविधाएं पहुंचाने का पूरा प्रयास किया है। पीएम के नेतृत्व में केंद्र व मुख्यमंत्री मनोहर लाल की अगवाई में प्रदेश सरकार की योजनाएं अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक पहुंच लाभ पहुंचाने में कारगर सिद्ध हुई है। राज्य मंत्री गांव सैयाणा सैयदा के डेरा बाबा फरीद नगर में सरपंच बलजीत सिंह रंधावा गैटी द्वारा तय कार्यक्रम के में लोगों की समस्याएं सुन रहे थे। इस दौरान उन्होंने डेरा की बाजीगर चौपाल के लिए पांच लाख रुपये की राशि देने की घोषणा भी की।

---

जयंती पर देश के लिए नेताजी जी की कुबार्नियों पर डाला प्रकाश

# जिलेभर में धूमधाम से मनाई नेता जी सुभाष चंद्र बोस की जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

जिला भर में नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती बड़े धूमधाम व उत्साह के साथ मनाई गई। नेताजी सुभाष चंद्र बोस के 128 वें जन्म दिन पर जन संघर्ष मंच हरियाणा,जिला कुरुक्षेत्र इकाई की ओर से पुराना बस स्टैंड थानेसर से उनकी प्रतिमा स्थित सुभाष पार्क नजदीक शेख चिल्ली मकबरा थानेसर तक उनके विचारों के स्लोगन लगाते हुए प्रदर्शन किया गया, प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया और श्रद्धांजलि सभा की गई। जिसमें मंच साथियों महिलाओं ने बढ चढ कर शिरकत की। प्रान्तीय महासचिव सुदेश कुमारी, चन्द्ररेखा, ऊषा कुमारी , निर्माण कार्य मजदूर मिस्त्री यूनियन के अध्यक्ष करनैल सिंह , मनरेगा मजदूर यूनियन के अध्यक्ष नरेश कुमार,चांदी राम ने नेताजी के संघर्षशील जीवन पर प्रकाश डालते हुए भाजपा सरकार की लोकतंत्र विरोधी कट्टरवादी हिंदुत्ववादी सांप्रदायिक राजनीति व कारपोरेटपरस्त जनविरोधी नीतियों की निन्दा की। मंच की प्रान्तीय महासचिव सुदेश कुमारी ने कहा कि नेता जी ने ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ सशस्त्र संघर्ष चलाया।आजाद हिंद फौज ,रानी झांसी रेजिमेंट बना कर युद्ध छेडा और अंग्रेजी शासन की नींव हिलाने का काम किया। धार्मिक आधार पर राजनीति करना सुभाष चंद्र बोस की नजर में राष्ट्र के साथ द्रोह करना था। निर्माण कार्य मजदूर मिस्त्री यूनियन के प्रांतीय प्रधान करनैल सिंह व मनरेगा मजदूर यूनियन के प्रधान नरेश कुमार ने कहा कि मोदी सरकार की नीतियों से देश में आर्थिक सामाजिक विषमता खतरनाक स्तर पर पहुंच गई है। मजदूर, किसान, कर्मचारी, छात्र, नौजवान, महिलाएं नारकीय जीवन जीने को मजबूर है। इस मौके पर ईश्वर, पूजा, वन्दना बबली सीमा, संतोष, सुखविंदर, सुनीता, सरोज सतीश, श्याम लाल, कमलेश, रतन कौर, सरोज आदि ने भी नेता जी को अपनी श्रद्धांजलि दी।





### पराक्रम दिवस के रूप में बनाई नेता जी की जयंती



■ नेताजी ने युवाओं में राष्ट्रवाद की अलख जगाई : सुभाष कलसाना

कुरुक्षेत्र। नेताजी सुभाष चंद्र बोस यूथ फाउंडेशन के सरंक्षक व एबीवीपी के पूर्व राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य सुभाष कलसाना ने कहा कि भारत प्रेरणाओं वाला देश है। यहां की माटी में जन्में महापुरूषों ने न केवल भारत के नौजवानों के लिए उत्साहवर्धन का काम किया है अपितु दुनिया भर में साहस और शौर्य का प्रतीक बने हैं। भारत विविधताओं से भरी क्षमताओं वाला देश है। विपरीत परिस्थितियों से लडकर जीत हासिल करने में पारंगत लोगों की फेहरिस्त में अग्रणी नाम है नेताजी सुभाषचन्द्र बोस का, जिनके जन्म दिवस 23 जनवरी को भारत पराक्रम दिवस के रूप में मनाता है। उनकी सूझबूझ और रणनीति से प्रेरित होकर जर्मनी के तानाशाह हिटलर ने उन्हें नेताजी कहकर संबोधित किया।

### नेताजी सुभाष चन्द्र बोस को बताया श्रेष्ठ देशभक्त

**कुरुक्षेत्र।** वात्सल्य वाटिका ब्रह्मा कालोनी में नेता जी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती मनाई। सबसे पहले नेता जी सुभाष चन्द्र बोस के चित्र समक्ष पुष्प अर्पित कर नमन किया गया। वात्सल्य वाटिका प्रधान ओम प्रकाश मित्तल ने कहा कि नेताजी ने आजादी के लिए नारा दिया था कि तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा। ऐसे स्वतंत्रता सेनानी को कभी भुलाया नहीं जा सकता। प्रधानाचार्य गौरव चौधरी ने नेताजी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जय हिन्द का नारा देकर देश वासियों तथा युवाओं में नई ऊर्जा का संचार कर आजादी की लड़ाई को गति देने वाले भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महानायक नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी का जन्म 23 जनवरी 1897 को ओडिशा के कटक शहर में हुआ। आज हम सभी इनकी जयंती को पराक्रम दिवस के रूप में मना रहे हैं। नेताजी ने बीए ऑनर्स की परीक्षा प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण की। अपने जीवन में उन्हें 11 बार कारावास हुआ। 1930 में वह कारावास में ही थे कि चुनाव में उन्हें कोलकाता का महापौर चुना गया, इसलिए सरकार उन्हें रिहा करने पर मजबूर हो गई। 1943 में नेता जी जापान पहुंचे और वहां आजाद हिन्द फौज का पुनर्गठन किया। इस अवसर पर संत राजेंद्र सिंह, राजकुमार सैनी, सोनिया अग्रवाल, विजय लक्ष्मी, परविंदर कौर, पूनम सलूजा, बिंदु मौजूद रहे।

---

# जिला बार एसोसिएशन ने मनाया प्राण प्रतिष्ठा समारोह



■ कार्यक्रम के समापन पर सभी को भगवान का प्रसाद वितरित किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

जिला बार एसोसिएशन कुरुक्षेत्र द्वारा अधिवक्ता सभागार में श्री राम जन्मभूमि मंदिर अयोध्या में भगवान श्री रामलला मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा समारोह के उपलक्ष्य में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एडीजे रजनीश शर्मा, एडीजे आशु कुमार जैन, एडीजे अमरेंद्र शर्मा, सीजेएम जतिन गर्ग, एसीजेएम वीरेंद्र कुमार न्यायाधीशों सहित कुरुक्षेत्र बार एसोसिएशन के सदस्य अधिवक्ताओं ने भाग लिया। इस समागम भगवान श्रीराम की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर व पुष्प अर्पित किए और प्रभु श्रीराम जी की पूजा आरती कर सब के लिए मंगलकामना की।इस अवसर पर सभी ने अयोध्या से प्रसारित हो रहे कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी देखा। इस अवसर पर जिला बार एसोसिएशन के प्रधान कृष्ण कुमार गुप्ता ने कहा कि भगवान श्रीराम हम सब के रोम रोम में बसते हैं। हम सब भाग्यशाली है कि हमारे जीवन में यह खुशी का पल आया है श्री राम जन्मभूमि मंदिर अयोध्या में भगवान श्री रामलला जी की मूर्ति स्थापित हुई है। एडवोकेट धीरज अत्री व एडवोकेट विजेंद्र सिंह बांगड़ ने श्रीराम लला मूर्ति स्थापना के शुभ व पावन अवसर पर सभी को शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम के समापन पर सभी को भगवान का प्रसाद वितरित किया गया। बार एसोसिएशन के सचिव रविंद्र सांगवान, सह सचिव तुषार सैनी, एडवोकेट जगरूप सिंह, महेंद्र सिंह तंवर, मनोज वशिष्ठ, विशाल मदान, दीनानाथ अरोड़ा, अमर सिंह मलिक, सहदेव सिंह जठलाना, सुरेश शर्मा, राहुल लुखी, बलबीर कश्यप, प्रेम सागर, सीता राम, मुनीश शर्मा, अनिल खानपुर, वरुण टिवाना, वीरेंद्र गर्ग, राजीव मौदगिल, धीरज गोयल, रमन बंसल, सुखदेव सिंह सहित जिला बार एसोसिएशन के सभी सदस्य कार्यक्रम में शामिल हुए।

---

## जन आक्रोश रैली की सफलता पर जताया हर्ष

■ पूर्व मंत्री अशोक अरोड़ा ने रैली में शामिल होने वालों का जताया आभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

पूर्व मंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता अशोक अरोड़ा ने गत दिवस अनाज मंडी में आयोजित जन आक्रोश रैली में भाग लेने वाले हजारों लोगों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि कड़कड़ाती सर्दी के मौसम में थानेसर हल्के के लोगों ने उन्हें जो प्यार और आशीर्वाद दिया है। इसके लिए वह थानेसर हल्के की जनता के दिल से आभारी हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी ने यह कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया था लेकिन जिस प्रकार से कार्यकर्ता सम्मेलन में जन सैलाब उमड़ा उस कार्यकर्ता सम्मेलन ने एक विशाल रैली का रूप धारण कर लिया। उन्होंने कहा कि थानेसर की जनता उनका परिवार है और परिवार के सदस्यों ने हमेशा उन्हें आशीर्वाद दिया है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि भविष्य में भी थानेसर हल्के की जनता का प्यार और आशीर्वाद उन पर इसी प्रकार बना रहेगा। पूर्व मंत्री अशोक अरोड़ा ने बताया कि इस रैली में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा की उपस्थिति में अनेक लोगों ने कांग्रेस पार्टी की नीतियों में विश्वास करते हुए कांग्रेस का दामन थामा है। अशोक अरोड़ा ने कहा कि वे सभी का कांग्रेस पार्टी में आने पर स्वागत करते हैं।



कुरुक्षेत्र। कांग्रेस पार्टी में शामिल करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा।

### श्रीराम का जीवन सभी के लिए प्रेरणदायक

**लाडवा।** अयोध्या में श्री राम लला जी की प्राण प्रतिष्ठा कार्य को लेकर पूरे देश में मनाए जा रहे महादीपवाली पर्व को लाडवा अनाजमंडी में स्थित समाजसेवी एवं नेता संदीप गर्ग ने अपने कार्यालय में दीप जलाकर महादीपवाली पर्व मनाया। समाजसेवी संदीप गर्ग ने कहा कि आज हमें यह दिन अनेक राम भक्तों के बलिदान के उपरांत देखने का मिला है। उन्होंने कहा कि हम सब से भाग्यशाली के की हमारे जीवन में यह खुशी का पल आया है जब श्री राम जन्म भूमि मंदिर अयोध्या में भगवान श्री रामलला प्राण-प्रतिष्ठा हुई है। उन्होंने कहा कि भगवान श्री राम के अलावा उनके परिवार के प्रत्येक सदस्य के जीवन से हमें महान शिक्षाएं मिलती है।

## प्रभु श्रीराम के भजनों पर झूमें भक्त

■ राम भजन व आत्मसाक्षात्कार कार्यक्रम का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



श्रीमाताजी निर्मला देवी की अनुकम्पा से गांव फतुहपुर स्थित मातृभूमि सेवा मिशन आश्रम में सहजयोग आज का महायोग द्वारा राम भजन, देवी भजन व आत्मसाक्षात्कार कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इससे आश्रम परिसर का माहौल भक्तिमय हुआ। परिसर के बालकों, स्टाफ व आसपास की कॉलोनियों से आये बच्चों, मातृशक्ति ने भजनों का भरपूर आनन्द लिया। आश्रम के नन्हे बच्चों द्वारा हनुमान चालीसा का पाठ, भक्ति संगीत पर नृत्य देखते ही बनता था। जिसका उपस्थित सहजयोगी भाई बहनों ने भरपूर आनन्द लिया। कार्यक्रम के अंत में श्री माताजी द्वारा बताई सहजयोग विधि द्वारा उपस्थित बच्चों, नारी शक्ति, स्टाफ का आत्मसाक्षात्कार करवाया गया। उन्हें आत्मसाक्षात्कार के फायदे भी बताये गए। इस अवसर पर मातृभूमि सेवा मिशन आश्रम की तरफ से श्रीप्रकाश मिश्रा संस्थापक, धर्मपाल सैनी, विजय सैनी, मास्टर बाबू राम, श्रीहरि तथा सहजयोग की तरफ से डॉ. रमेश कुमार, हरि दत्त शर्मा, मोहिन्द्र सैनी, सुरेन्द्र नैरिया, नरेन्द्र शर्मा, सुधीर कुमार, आशुतोष गौड़, पल्लव भाटिया, आयुष, बलविन्द्र कौर, मृगाक्षी भारद्वाज, राणो विर्क, सरस्वती यादव, आदि उपस्थित रहे।

---

## सीएम कुरुक्षेत्र के लोगों को आज देंगे 5 परियोजनाओं की सौगात


हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

नगराधीश हरप्रीत कौर ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल 24 जनवरी को वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए हिसार से प्रदेश को विभिन्न परियोजनाओं की सौगात देंगे। इसी कड़ी के तहत कुरुक्षेत्र की भी 5 परियोजनाओं की सौगात लोगों को देंगे। इन 5 परियोजनाओं पर प्रदेश सरकार की तरफ से 27 करोड़ 60 लाख रुपए का बजट खर्च किया जाएगा। इन परियोजनाओं के लिए कुरुक्षेत्र में लघु सचिवालय और पिहोवा में सिंचाई विभाग के विश्राम गृह में कार्यक्रम होंगे। इन कार्यक्रमों में क्रमशः कुरुक्षेत्र में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष एवं सांसद नायब सिंह सैनी मुख्य अतिथि होंगे और पिहोवा विश्राम गृह में हरियाणा के मुद्रण एवं लेखन राज्यमंत्री संदीप सिंह मुख्य अतिथि होंगे। इसके अलावा कुरुक्षेत्र में विधायक सुभाष सुधा और विधायक रामकरण भी कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रुप में शिरकत करेंगे। नगराधीश हरप्रीत कौर ने कहा कि प्रदेश सरकार की तरफ से नरवाना ब्रांच नहर पर आरडी नंबर 257000 और एसवाईएल कैनाल पर किलोमीटर 29.332 पर सिंगल स्पेन पुल का निर्माण किया जाएगा। इस पुल पर सिंचाई विभाग की तरफ से 8 करोड़ 82 लाख रुपए का बजट खर्च किया जाएगा। इस परियोजना की 24 जनवरी को आधारशिला रखी जाएगी।

## प्राण प्रतिष्ठा पर जिले में उत्सव का माहौल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

भगवान श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के दौरान जिला के लोगों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। पूरा जिला राममय हो गया। जगह-जगह भगवा ध्वज लगाकर पूरे शहर को सजाया गया है। शहर में कई जगहों को टेंट से सजाकर आकर्षक लाइटिंग की गई। धर्मनगरी सहित आसपास के गांवों में रामलला प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दौरान दिवाली जैसा माहौल रहा। जिलेभर के मंदिरों और प्रमुख चौक-चौराहों पर भगवा ध्वज और लाइटिंग लगाकर रामलला प्राण प्रतिष्ठा समारोह का जश्न मनाया गया। शाम को लोगों ने दीप जलाकर दिपावली जैसा माहौल बनाया। शाम को बच्चों ने पटाखे भी चलाए। लोगों ने अपने घरों में दीप तो जलाए ही साथ ही बड़े-बड़े ग्राउंड में भी दीपोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वही कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग की ओर से अयोध्या में आयोजित होने वाले प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के उपलक्ष्य में सोमवार को सांयकाल में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा की अगुवाई में विश्वविद्यालय परिसर में सभी चौराहों 1001 दीप जलाकर श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा की दीपावली मनाई गई। इस मौके पर कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा व उनकी धर्मपत्नी डॉ. ममता सचदेवा तथा कुवि कुलसचिव प्रो. संजीव शर्मा सहित शिक्षकों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों ने कुलपति निवास से चलकर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय परिसर के सभी चौराहों दीप प्रज्वलित कर श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा की दीपावली मनाई। इस पावन अवसर पर केयू के द्वितीय एवं तृतीय द्वार को लाईटिंग से सजाया गया।



कुरुक्षेत्र। रंग-बिरंगी लाइटों से जगमगाते घर। फोटो : हरिभूमि



कुरुक्षेत्र। जनसमस्याएं सुनते जजपा नेता डा. जसविंद्र खैहरा।

### हर वर्ग को मिल रही सरकारी योजनाएं: डॉ. खैहरा

**कुरुक्षेत्र।** जननायक जनता पार्टी के युवा जिलाध्यक्ष डा. जसविंद्र खैहरा ने सर्किट हाऊस में जनसमस्याओं को सुना और कई लोगों की समस्याओं का अधिकारियों से बातचीत कर मौके पर निपटान भी किया। उन्होने कार्यकताअरं व आम जनता से आह्वान किया कि किसी भी प्रकार की सामाजिक समस्या के लिए वे उनके बेझिझक मिल सकते हैं। उन्होने कहा कि प्रदेश सरकार का प्रयास है कि हर व्यक्ति तक पहुंचा जाए और उनकी समस्याओं का निदान करवाया जाए। डा. खैहरा ने कहा कि प्रदेश के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला के नेतृत्त्व में प्रदेश तरक्की की राह पर अग्रसर है। आज के जनता सरकार के कार्यों से खुश है। उन्होने कहा कि जितना काम इन पांच वर्षों की सरकार में हुआ है। इनता काम पहले किसी सरकार में नही हुआ। हर वर्ग सरकार की नीतियों से खुश नजर आ रहा है। युवा सोच के चलते उपमुख्यमँत्री युवाओं के हितों के बारे में बेहतर सोच रहे हैं।

---

## श्रीराम लला के घर वापिस लाने को लेकर किए गए प्रधानमंत्री के प्रयासों को रखा जाएगा हमेशा याद:सुधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरिभूमि न्यूज. कुरुक्षेत्र। विधायक सुभाष ने कहा कि भगवान श्री राम लला को अयोध्या श्री राम मंदिर में वापिस लाने के लिए किए गए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों को हमेशा याद रखा जाएगा। इस महापर्व को लेकर मंदिरों और धार्मिक स्थलों पर कई दिन तक कार्यक्रम चलेंगे और भंडारों का आयोजन किया जाएगा। इस पावन पर्व को सभी नागरिकों ने दीवाली की तरह मनाया और देर रात्रि तक आतिशबाजी और पटाखे चलाए गए। विधायक सुभाष सुधा ने गांव हथीरा, बारना, रोटरी चौक, स्थाणेश्वर महादेव मंदिर, सेक्टर-9 लॉटस ग्रीन सिटी, सेक्टर-3, 13, 17 व 30 सहित दर्जनों जगहों पर आयोजित कार्यक्रमों में शिरकत की। इतना ही नहीं विधायक सुभाष सुधा ने जहां मंदिरों में साफ-सफाई के अभियान को जारी रखा, वहीं नगर परिषद की निवर्तमान अध्यक्षा उमा सुधा ने श्रद्धालुओं को भंडारे का प्रसाद भी वितरित किया। विधायक सुभाष सुधा ने गांव हथीरा के बाला सुंदरी मंदिर में पूजा-अर्चना की और कलश यात्रा को हरी झंडी देकर रवाना किया। इसी तरह रोटरी चौक पर भंडारे का आयोजन किया गया और श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया। इसके अलावा स्थाणेश्वर महादेव मंदिर में भी पूजा-अर्चना की।



मंत्री कमलेश ढांडा गणतंत्र दिवस कार्यक्रम में करेंगी ध्वजारोहण: हरप्रीत

# गणतंत्र दिवस की तैयारियों को लेकर की रिहर्सल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

नगराधीश हरप्रीत कौर ने कहा कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 26 जनवरी गणतंत्र दिवस समारोह को हर्षोल्लास और परम्परा अनुसार मनाया जाएगा। इस समारोह का आयोजन पुलिस लाईन कुरुक्षेत्र के प्रांगण में किया जाएगा। इसके साथ-साथ जिले के तीनों उपमंडलों पिहोवा, शाहबाद और लाडवा में भी गणतंत्र दिवस के अवसर पर कार्यक्रमों का आयोजन कर राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा। अहम पहलू यह है कि कुरुक्षेत्र के गणतंत्र दिवस कार्यक्रम में हरियाणा की महिला एवं बाल विकास मंत्री कमलेश ढांडा राष्ट्रीय ध्वजारोहण कर परेड की सलामी लेंगी। इसी प्रकार पिहोवा उपमंडल में विधायक रणधीर सिंह गोलन, लाडवा उपमंडल में थानेसर विधायक सुभाष सुधा व शाहबाद उपमंडल में जिला परिषद यमुनानगर के चेयरमैन रमेश चंद ध्वजारोहण करेंगे और परेड की सलामी लेंगे। सीटीएम हरप्रीत कौर ने कहा कि इन सभी कार्यक्रमों को लेकर सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए जाएंगे और विभिन्न विभागों द्वारा सुंदर-सुंदर झांकियां निकाली जाएंगी और स्कूली विद्यार्थियों द्वारा रंगा-रंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुत की जाएंगे। उन्होंने कहा कि शहीदी स्मारक और आसपास के क्षेत्र तथा पुलिस लाइन कार्यक्रम स्थल के आसपास साफ-सफाई की व्यवस्था करने का काम पूरा किया जाए। इसके लिए नगर परिषद व हुडा के कार्यकारी अधिकारी विशेष फोकस रखेंगे। इस कार्यक्रम स्थल पर पुलिस प्रशासन की तरफ से सुरक्षा व्यवस्था तथा बिगुल बजाने के लिए संतरी और ध्वजारोहण के लिए ध्वज का प्रबंध करना सुनिश्चित किया जाएगा। संबंधित विभागों के अधिकारी भी अपनी-अपनी ड्यूटी का ईमानदारी के साथ निर्वहन करना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस के अवसर पर चुनिंदा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति होगी। इसके अलावा, पुलिस बाइक स्टंट, मलखंब, योगासन, पीटी शो और सूर्य नमस्कार कार्यक्रमों का भी आयोजन होगा। निमंत्रण कार्ड, शहर की सफाई व्यवस्था, पंडाल की साज-सज्जा, रंगोली, कार्यक्रम स्थल के आसपास स्वागत द्वार, पीने के पानी की व्यवस्था, बिजली की व्यवस्था व सुरक्षा व्यवस्था का प्रबंध किया जाएगा। परेड में पुलिस की तरफ से टुकड़ियों का प्रबंध किया जाएगा(



कुरुक्षेत्र। गणतंत्र दिवस को लेकर रिहर्सल करते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

